199 बुजुर्ग,दिव्यांग मतदाताओं ने डाक मतपत्र से किया घर में मतदान

विधानसभा आम निर्वाचन-2023

रायगढ़, 10 नवंबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन-2023 में शत-प्रतिशत मतदान कराने के उद्देश्य से 80 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गो एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को उनके निवास स्थल पर मतदान करने हेतु सुविधा प्रदान की गई थी। जिसके तहत जिले के चारों विधान सभाओं से कुल 199 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि 80 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गो एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को उनके निवास स्थल पर मतदान करने हेतु प्रारूप 12 घ में आवेदन कराया गया था। ऐसे सभी मतदाताओं के निवास स्थल पर डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराने हेतु जिले में 15 मतदान दल का गठन किया गया। दल में 2 मतदान अधिकारी, एक माईक्रो-आब्जर्वर, एक वीडियोग्राफर तथा सुरक्षा बल शामिल थे। साथ ही सभी अभ्यर्थी एवं मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को सूचना प्रदान की गई थी। जिसके अनुसार यह सभी दल निर्धारित समय अनुसार 8 एवं 9 नवम्बर को संबंधित मतदाता के निवास स्थल पर पहुंचकर डाक मतपत्र के माध्यम से विधिवत मतदान की कार्यवाही संपन्न कराया गया।

निवास स्थल पर मतदान करने वाले जिले के पात्र एवं चिन्हित कुल 207 मतदाताओं में से प्रथम चरण में 9 नवम्बर तक 199 मतदाताओं ने मतदान किया। 80 वर्ष से अधिक आयु के 06 मतदाता मृत होने एवं 02 मतदाताओं के उपस्थित नहीं होने के कारण उनका मतदान नहीं हो पाया है। अनुपस्थित दोनों मतदाताओं को पूर्व सूचना देते हुए मतदान कराने हेतु मतदान दल द्वारा पुन: 14 नवम्बर 2023 को उनके निवास स्थल पर जाकर मतदान संपन्न कराया जाएगा।

निर्वाचन ड्यूटी में संलग्न अधिकारी-कर्मचारी डाकमत पत्र के माध्यम से सुविधा केन्द्र में कर सकते है मतदान अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि विधानसभा आम निर्वाचन-2023 अंतर्गत ऐसे रायगढ़ जिले के चारों विधान सभाओं के ऐसे अधिकारी-कर्मचारी जिनके द्वारा प्रारूप 12 में आवेदन किया गया है और अन्य जिलों में पदस्थ है या जिनकी अन्य जिलों में लगी हुई है, उनके लिए जिला निर्वाचन अधिकारी रायगढ़ द्वारा सुविधा केन्द्र में डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराने हेतु तिथि एवं समय निर्धारित की गई है। जिले के ऐसे सभी अधिकारी-कर्मचारी, माइक्रो आब्जर्वर, वाहन चालक, कंडक्टर, क्लीनर, आवश्यक सेवाओं बिजली एवं स्वास्थ्य व्यवस्था में संलग्न कर्मचारी 11, 14, 15 एवं 16 नवम्बर 2023 को प्रथम तल सृजन मीटिंग हॉल, कलेक्टोरेट परिसर जिला-रायगढ़ में प्रात:10 बजे से सायं 5.30 बजे तक उपस्थित होकर डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कर सकते है।

इसी प्रकार पुलिस एवं सुरक्षा बलों के सदस्यों हेतु पुलिस कंट्रोल रूम, थाना चक्रधर नगर परिसर रायगढ़ में सुविधा केंद्र बनाया गया है। संबंधित अधिकारी-कर्मचारी संचालित सुविधा केन्द्र में निर्वाचन ड्यूटी आदेश अथवा सक्षम अधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित निर्वाचन ड्यूटी की सूची एवं वोटर आईडी कार्ड के साथ उपस्थित होकर डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कर सकते है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल द्वारा निर्वाचन ड्यूटी में संलग्न मतदाताओं से डाक मतपत्र सुविधा का लाभ लेने की अपील की गई है।

मतदान के लिए सभी को करें प्रोत्साहित-कलेक्टर

स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत दीप प्रज्जवलित कर मतदान करने का लिया शपथ

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल ने आज जनपद पंचायत रायगढ़ में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत चलाये जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से आगामी 17 नवम्बर को होने वाले मतदान में शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु अपील की। इस मौके पर कलेक्टर गोयल ने दीप प्रज्जवलित कर अपने आसपास के लोगों को भी मतदान हेतु प्रोत्साहित करने को कहा और सभी को मतदान हेतु शपथ दिलाई।

उल्लेखनीय है कि स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत जिले में शत-प्रतिशत मतदान हेतु विविध प्रकार के मतदाता जागरूकता का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज जनपद पंचायत रायगढ़ में दीप प्रज्जवलित किया गया। जिसमें दीपों के माध्यम से 17 नवम्बर को मतदान अवश्य करने हेतु अपील की गई। साथ ही मतदाता जागरूकता हेतु रंगोली भी बनायी गयी थी। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय, सीईओ जनपद पंचायत रायगढ़ राजेश साहू सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

कलेक्टर गोयल के निर्देश पर आगामी 17 नवम्बर को होने वाले मतदान हेतु जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमें ग्रामीण महिलाएं भी इन कार्यक्रमों में रूचि दिखा रही है और बढ़ चढ़कर जागरूकता अभियान में शामिल हो रही है। जिले के बघनपुर, खैरपुर, कांशीचुआं, महलोई, बुढिया, देवगांव, बनई, बिजना, गारे, हमीरपुर, राबो, खम्हरिया, बासनपाली, गोढ़ी, खरसिया, डारआमा, भुईकुर्री सहित अन्य ग्राम पंचायतों में मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत मतदान के लिए जन जागरूकता रैली, रंगोली, शपथ जैसे विभिन्न आयोजन किया गया। महिलाएं अपने गांवों में बैनर लेकर रैली निकाली एवं सभी को मतदान हेतु प्रोत्साहित किया।

प्रथम पृष्ठ का शेष

आग से खेल रहे हैं आप...

सत्र बुला सकती है। राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत से कहा कि कोर्ट उनको इस मामले में एक हफ्ते का समय दे। वह इस मामले में कोई न कोई हल निकाल लेंगे। ऐसे में बेंच ने उनसे सवाल किया कि अगर निकालना था तो अदालत आने की जरूरत क्यों पड़ी। इस पर सॉलिसटर ने कहा, उनको अगले हफ्ते सोमवार तक का समय दिया जाए। इस पर सीजेआई बोले हमें एक संक्षिप्त आदेश जारी करने दीजिए। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब में 19 और 20 जून को बुलाई गई विधानसभा बैठक को वैध ठहराया। राज्यपाल से कहा कि वह इस दौरान पास किए गए विधेयकों पर फैसला लें। राज्यपाल सचिवालय ने दलील दी थी कि मार्च में बुलाई गए बजट सत्र को खत्म करने की बजाय स्थगित किया गया. जून में दोबारा बैठक बुलाए गई. यह गलत है. इसपर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि स्पीकर के पास ऐसा करने का अधिकार है. कोर्ट ने यह टिप्पणी भी की कि विधानसभा सत्र को अनिश्चित काल तक स्थगित रखना भी सही नहीं है।

कांग्रेस जो कहती है ...

की घोषणा किया था उस पर भाजपा के पूर्व मंत्री ने छत्तीसगढ़ में 20 में चिंटल धान नहीं होने सबंधित बात कही थी अब भाजपा किस मुंह से 21 क्विंटल धान की खरीदी करेगी । मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने छत्तीसगढ़ी संस्कृति खेलकूद बोली भाषा बोरे बासी का सम्मान बढ़ाया। सरकार बनने पर प्रति गैस सिलेंडर की रिफिलिंग में 500 रूपये की सब्सिडी, 200 यूनिट तक बिजली बिल फ्री, 10 लाख तक स्वास्थ्य बीमा, और केजी से पीजी तक की शिक्षा निशुल्क दिलाएंगे। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश कांग्रेस की महामंत्री सीमा वर्मा ने किया। इसके पूर्व बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी शैलेश नितिन त्रिवेदी ने भी सभा को सम्बोधित किया। सुहेला की विशाल चुनावी सभा में बलौदाबाजार के वर्तमान विधायक प्रमोद शर्मा, सिंधी अकादमी के अध्यक्ष राम गिडलानी, जिला कांग्रेस के अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, प्रदेश महामंत्री सीमा वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भुवनेश्वर वर्मा, संदीप पांडेय, सुरेंद्र सिंह ठाकुर, संतोष तिवारी, विश्वनाथ द्विवेदी, दिनेश यदु, आशा यादव, उमा अनंत, डॉ फारुकी, मकसूदन साहू, सुभाष मिश्रा, अनिल साहू, उमेश वर्मा, राकेश वैष्णव आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थें।

बिलाईगढ के पवनी में भी चुनावी सभा को मुख्यमंत्री ने सम्बोधित किया-मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज बिलाईगढ़ विधानसभा के नगर पंचायत पवनी के स्कूल मैदान मे पहुंचे। जहां मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने चुनावी आमसभा मे आसपास से हजारो की संख्या मे पहुंचे कांग्रेसी कार्यकर्ताओं, किसानो व ग्रामीणो को संबोधित करते हुए बिलाईगढ विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी कविता प्राण लहरे को वोट देने की अपील की। वही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आमसभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार झूठ बोलकर जनता को गुमराह कर रही है। लगातार मोदी जी केवल जुमला फैला रहे है, 15 वर्षों तक रमन सिंह की सरकार केवल किसानो को झूठ बोलकर ठगा है, रमन सिंह ऐसा कोई सगा नही जिसको ठगा नही भी कहा। उक्त कार्यक्रम मे कांग्रेस प्रत्याशी कविता प्राण लहरे, कांग्रेस जिलाध्यक्ष अरूण मालाकार, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बिलाईगढ भागवत साहू, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सरसींवा पंकज चन्द्रा, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सोनाखान युधिष्ठिर नायक, नगर पंचायत भटगांव उपाध्यक्ष प्रवेश दुबे, ताराचंद देवांगन, नेमीचंद केशरवानी, दीपक टण्डन, चन्द्रशेखर सोनवानी के साथ कांग्रेस के दिग्गज नेता व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

किसानों का कर्जा ...

अब मोदी की गारंटी दे रही है। 15 लाख तो दूर 15 पैसे भी खातों में नहीं पहुँचे। भाजपा के घोसणा पत्र को छलावा एवं दिखावा बताया। भाजपा ने पंद्रह साल में छत्तीसगढ़ का कोई विकास कार्य नहीं किया। अब वे क्या करेंगे। भाजपा ने पंद्रह सालों तक छत्तीसगढ़ की भोली भाली जनता को छला और जब सत्ता चली गई तो कांग्रेस के घोषणाओं की नकल करते हुए अपना घोषणा पत्र ले आए। उन्होंने यह भी कहा कि जनता के सामने रमन सिंह की गारंटी नहीं चली तो अब मोदी की गारंटी लेकर आए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रसोई गैस , पेट्रोल, डीजल एवं मिट्टी तेल जैसे उपयोगी चीजों पर बेतहाशा वृद्धि कर लोगों को परेशान कर रखा है। रमन सिंह ने अपने कार्यकाल में ग्रामीणों को जर्सी गाय देने का वायदा किया था जिसे उन्होंने आज तक नहीं निभाया। प्रदेश के वनवासियों तेंदूपत्ता संग्राहकों, गरीबों, किसानों, छात्र-छात्राओं, युवा, महिला एवं बुजुर्गों में कांग्रेस पार्टी के पक्ष में 17 नवम्बर को मतदान करने काफी उत्साह एवं उमंग है। लोग कह रहे हैं कि छत्तीसगढ़ में फिर से कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। कांग्रेस पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो सबका विकास सबका साथ चाहती है। कांग्रेस पार्टी ने सभी लोगों के साथ न्याय किया है। मेरे प्रदेश के अन्नदाता प्रसन्न रहे इससे बढ़कर कुछ नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में केजी से लेकर पीजी तक छात्र-छात्राओं को मुफ्त में शिक्षा दिया जायेगा। कांग्रेस पार्टी जो कहती है वह करके दिखाती है। मैने पांच साल में छत्तीसगढ़ में वायदे से ज्यादा काम करके लोगों को दिखा दिया है। मैं भाजपा नेताओं की तरह लबरा नहीं हुँ। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बागबाहरा के चुनावी जनसभा कार्यक्रम में लोगों की भारी भीड़ को देखकर कांग्रेस प्रत्याशी द्वारिकाधीश यादव का पीठ थपथपाया। श्री यादव ने सभी मतदाता भाइयों बहनों का बार-बार प्रणाम करते हुए कहा कि प्रदेश में फिर से कांग्रेस की सरकार बनाने 17 नवंबर को अपने-अपने मतदान केंद्रों में जाकर पंजा छाप में वोट देकर भारी मतों से जिताने की विनम्र अपील की है। नगर में आयोजित कांग्रेस के चुनावी जनसभा कार्यक्रम का मंच संचालन वरिष्ठ कांग्रेस नेता केशव नायक राम चंद्राकर एवं आभार व्यक्त शहर कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता महेन्द्र चंद्राकर, दीपक अग्रवाल, संतोष जैन, लक्ष्मण उजाला ?, हीरा सेतराम बघेल, बसंता ठाकुर, दुर्गा सागर, रवि निषाद, गणेश शर्मा, नवनीत सलूजा, बलबीर बग्गा, खोमेश साहू , रामेश्वर चक्रधारी, देवेश साहू, मंता राम यादव समेत कांग्रेसजन, नगरवासी एवं ग्रामीणजन हजारों की संख्या में मौजूद थे। मुख्यमंत्री सरायपाली एवं बसना के चुनावी जनसभा को निपटाकर दोपहर पौने चार बजे बागबाहरा के रावणभांठा मैदान में हेलीकाप्टर से प्रदेश के मंत्री मोहन मरकाम के साथ पहुंचे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बीस मिनट तक भाषण देने के बाद यहाँ से सवा चार बजे आरंग के लिए रवाना हो गए। वे यहाँ मात्र आधे घंटे रहे। मुख्यमंत्री के पहुंचने के पूर्व दो घंटे तक जनसभा कार्यक्रम के पास लोककला मंच के मंजे हुए कलाकारों ने अपनी कला की रंगारंग प्रस्तुति देकर लोगों का मनोरंजन करता रहा। उनके कला को देखकर लोग खूब तारीफ़ कर तालियां बजाते रहे।

अनुशासनहीनता के आरोप में ...

यादव को नोटिस जारी कर 24 घंटे के भीतर जवाब पेश करने और जवाब संतोषजनक ना पाए जाने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी थी। शुक्रवार को 24 घंटे का अल्टीमेटम समाप्त होते ही प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जवाब को संतोषजनक ना पाते हुए पार्टी की प्राथमिकत सदस्यता निलंबित कर दिया है। मालूम हो कि महापौर रामशरण और पूर्व विधायक अरुण तिवारी के बीच बातचीत का आडियो वायरल होने और पीसीसी की नोटिस के बाद से ही इस बात की अटकलबाजी लगाई जा रही थी कि चुनाव के समय इस तरह के आरोप से दिग्गज नेताओं की ना केवल नाराजगी बढ़ी वरन कार्रवाई की बात भी कही जा रही थी। अटकलबाजी पर पीसीसी ने विराम लगा दिया है।

महापौर की कुर्सी भी जाएगी

प्रदेश कांग्रेस कमेटी की कार्रवाई के बाद अब इस बात की अटकलें जोर पकड़ने लगी है कि दिग्गज कांग्रेसी नेताओं के साथ ही पीसीसी का अगला कदम क्या होगा। इस बात की चर्चा है कि पार्टी की प्राथमिक सदस्यता निलंबित होने के बाद महापौर की कुर्सी भी रामशरण यादव को छोड़नी पड़ेगी। सदन वे कांग्रेस का पूर्ण बहुमत है और सदन के नेता के रूप में वे कार्य कर रहे हैं। पार्टी की प्राथमिक सदस्यता निलंबित होने के बाद कांग्रेस के पार्षद उनको अपना नेता कैसे स्वीकार करेंगे। विधानसभा चुनाव के बाद एक बार फिर स्थानीय राजनीति में सरगर्मी बढ़ेगी। सत्ताधारी दल के भीतर एक बार फिर मेयर की कुर्सी दौड़ शुरू होगी। बीते चुनाव में राजनीति कारणों और समीकरण के चलते जो चूक गए थे एक बार फिर उनकी सक्रियता बढ़ेगी। दावेदारों के साथ ही पार्षदों की पूछपरख भी बढ़ेगी। निश्चिततौर विधानसभा चुनाव के बाद स्थानीय राजनीति एक बार फिर गरमाएगी।

क्या है पीसीसी का पत्र

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के आदेशानुसार छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 में पार्टी संगठन के खिलाफ अनंगल वार्तालाप करते हुए पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त होने के कारण जारी कारण बताओ नोटिस का संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं होने के कारण रामशरण यादव महापौर नगर पालिक निगम बिलासपुर को 10 नवंबर 2023 को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (इंडियन नेशनल कांग्रेस) की प्राथमिक सदस्यता से निलंबित किया जाता है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

निर्णय की इनको दी गई जानकारी

कुमारी सैलजा महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी, भूपेश बघेल मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़,टीएस. सिंहदेव उपमुख्यमंत्री छत्तीसगढ़, डा चरणदास महत अध्यक्ष-प्रदेश चुनाव अभियान समिति, धनेन्द्र साहू विधायक एवं अध्यक्ष-प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति ,डा. चंदन यादव एआइसीसी सचिव एवं छग. प्रभारी

बेमचा भाठा मैदान में ...

भविष्य के डाक्टर अध्ययन कर रहे है। उन्होंने बताया कि रेलवे स्टेशन का कायाकल्प किया जा रहा है। कार्यकर्ता आम जनता भी आमसभा को लेकर उत्सुक है। प्रदेश की जनता कांग्रेस को नकार चुकी है। भाजपा के संकल्प पत्र में जिस प्रकार नारी शक्ति को महत्व मिला है और प्रत्येक विवाहित महिलाओं को साल में 12 हजार रुपए देने का घोषणा हुआ है तब से महिलाओं में खुशी की लहर है और महिलाएं स्वर्स्फूत यह महसूस करने लगी है कि पहली बार महिलाओं को सम्मान दिया जा रहा है और महिलाओं को लेकर योजनाएं बन रही है। जिलाध्यक्ष रूपकुमारी चौधरी ने बताया कि जिले के सरायपाली, बसना, खल्लारी और महासमुंद के अलावा रायपुर जिले के आरंग और गरियाबंद जिले के राजिम विधानसभा से जनता और कार्यकर्ता मोदी की आमसभा में पहुंचेंगे। इसकी व्यापक तैयारी की जा रही है।

जशपुर के भाजपा प्रत्याशी ...

1951 के प्रावधानों स्पष्ट उल्लंघन मानते हुए रायमुनी को तत्काल जवाब प्रस्तुत करने नोटिस जारी किया है। निर्वाचन आयोग ने समाधानकारक जवाब प्रस्तुत नहीं किये जाने की दशा में भाजपा प्रत्याशी रायमुनी के खिलाफ एकपक्षीय कार्यवाही करने की बात कही है, जिसके लिए वे खुद जिम्मेदार होगी।

नक्सलियों ने एनएमडीसी में ...

गए जहाँ से नक्सली भाग खड़े हुए सीआईएसएफ के जवानों द्वारा दमकल वाहन की मदद से आग पर काबू पाया गया बता दे की प्रशासन द्वारा कराये गए शांति पूर्ण चुनाव के बाद इस घटना से नक्सलीयो की बौखलाहट साफ देखा जा सकता है।

कारखानों व स्थापनाओं में मतदान के दिन निर्वाचन क्षेत्र में सवेतन अवकाश घोषित

रायगढ़, 10 नवंबर (देशबन्धु)। निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा आम निर्वाचन-2023 को संपन्न कराने के लिए 17 नवम्बर 2023 को मतदान कराया जा रहा है। इस संबंध में कारखाना अधिनियम, 1948 तथा दुकान एवं स्थापना अधिनियम-1953 के अंतर्गत आने वाले कारखानों/ स्थापनाओं में कार्यरत प्रत्येक श्रमिक/ कर्मचारियों को लिए मतदान के दिन अर्थात 17 नवम्बर 2023 शुक्रवार को राज्य शासन द्वारा संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में सवेतन अवकाश घोषित किया गया है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश एवं तेंलगाना राज्य के विधानसभा आम निर्वाचन-2023 हेतु क्रमश: मतदान तिथि 17 नवम्बर एवं 30 नवम्बर को नियत है, उक्त पड़ोसी राज्य के बहुत से मतदाता जो छत्तीसगढ़ में निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों/ दुकानों, औद्योगिक उपक्रम या कारोबार/ व्यवसाय में नियोजित है, ऐसे नियोजित/ कार्यरत संबंधितों को भी उनके गृह राज्य के मतदान दिवस के दिन सवैतनिक अवकाश प्रदान किया गया है।

ऐसे कारखाने जो सप्ताह में सातों दिन कार्य करते है, वहां प्रथम एवं द्वितीय पॉली के श्रमिकों को मतदान के दिन 2-2 घंटे का अवकाश घोषित किए जाने तथा जो कारखाने निरंतर प्रक्रिया के अंतर्गत आते है, उनमें काम करने वाले श्रमिकों को बारी-बारी से मतदान करने की सुविधा देने के निर्देश दिए गए है।

कार्यालय नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)

शाखा-संपदा साकेत भवन, आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.)
दूरभाष : 07759-221288, फैक्स : 07759-221929, पो.बाक्स.नं. 12 पिन कोड- 495677
Website : www.korbamunicipal.in, Email: corporationkorba@gmail.com
फा.क्र./ 15/ संपदा / भूखण्ड / 2023 / 13293 कोरबा, दिनांक 08/11/2023

आम सूचना

सर्व साधारण को इस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि 1/ श्री विनोद कोहली, 2/ श्री विमल कोहली एवं 3/ श्री विनय कोहली पिसरान- स्व. गुरदयाल कोहली को परिवहन नगर कोरबा में भूखण्ड क्रमांक 166 साईज 40'×50'=2000 वर्गफुट को पंजीयन आबंटन शर्तों के तहत 30 वर्षीय लीज (21.06.2015 से 20.06.2045 तक) पर फौती नामांतरण से आबंटित किया गया है। उक्त भूखण्ड के नवीनीकरण लीज डीड पंजीयन (रजिस्ट्री) दिनांक 27.07.2019 को उप पंजीयक कार्यालय कोरबा में निष्पादन किया जा चुका है। आबंटितीयों में से श्री विमल कोहली आ. स्व. गुरदयाल कोहली की मृत्यु दिनांक 05.02.2022 को हो जाने के उपरांत उक्त भूखण्ड क्रमांक- 166 साईज 40'×50'=2000 वर्गफुट, परिवहन नगर कोरबा को शेष आबंटिती एवं उनके विधिक वारिसान क्रमश: - 1/ श्री विनोद कोहली (शेष आबंटिती), 2/ श्री विनय कोहली (शेष आबंटिती) दोनों पिता- स्व. गुरदयाल कोहली एवं 3/ कृति कोहली उम्र- 14 वर्ष आ. स्व. विमल कोहली (नाबालिक पुत्री) द्वारा वैध संरक्षक श्री विवेक कोहली आ. स्व. गुरदयाल कोहली के संयुक्त नाम पर नामांतरण (फौती दर्ज) करने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न कर इस कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है।

अत: एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि परिवहन नगर कोरबा में स्थित भूखण्ड क्रमांक 166 साईज 40'×50'=2000 वर्गफुट को 1/ श्री विनोद कोहली (शेष आबंटिती), 2/ श्री विनय कोहली (शेष आबंटिती) दोनों पिता- स्व. गुरदयाल कोहली एवं 3/ कृति कोहली उम्र- 14 वर्ष आ. स्व. विमल कोहली (नाबालिक पुत्री) द्वारा वैध संरक्षक श्री विवेक कोहली आ. स्व. गुरदयाल कोहली के संयुक्त नाम पर दर्ज कराये जाने के संबंध में किसी संस्था/ व्यक्ति/ निकाय को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय प्रमाण सहित इस विज्ञापन प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के भीतर आयुक्त नगर पालिक निगम साकेत भवन आई.टी.आई. रामपुर कोरबा में कार्यालयीन समय एवं दिवस में उपस्थित होकर अथवा अपने प्रतिनिधि के माध्यम से दे सकते हैं। अवधि समाप्त होने के पश्चात् होने वाली आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त भूखण्ड को 1/ श्री विनोद कोहली (शेष आबंटिती), 2/ श्री विनय कोहली (शेष आबंटिती) दोनों पिता- स्व. गुरदयाल कोहली एवं 3/ कृति कोहली उम्र- 14 वर्ष आ. स्व. विमल कोहली (नाबालिक पुत्री) द्वारा वैध संरक्षक श्री विवेक कोहली आ. स्व.गुरदयाल कोहली के संयुक्त नाम पर दर्ज करने की कार्यवाही की जावेगी।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
कोरबा (छत्तीसगढ़)

कार्यालय नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)

शाखा-संपदा साकेत भवन, आई.टी.आई.चौक, कोरबा (छ.ग.)
दूरभाष : 07759-221288, फैक्स:07759-221929, पो.बाक्स.नं. 12 पिन कोड- 495677
Website : www.korbamunicipal.in, Email: corporationkorba@gmail.com
फा.क्र./ 15/ संपदा / भूखण्ड / 2023 / 13295 कोरबा, दिनांक 08/11/2023

आम सूचना

सर्व साधारण को इस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि 1/ श्री विनोद कोहली, 2/ श्री विमल कोहली एवं 3/ श्री विनय कोहली पिसरान- स्व. गुरदयाल कोहली को परिवहन नगर कोरबा में भूखण्ड क्रमांक 176 साईज 40'×50'=2000 वर्गफुट को पंजीयन आबंटन शर्तों के तहत 30 वर्षीय लीज (11.11.2015 से 10.11.2045 तक) पर फौती नामांतरण से आबंटित किया गया है। उक्त भूखण्ड के नवीनीकरण लीज डीड पंजीयन (रजिस्ट्री) दिनांक 27.07.2019 को उप पंजीयक कार्यालय कोरबा में निष्पादन किया जा चुका है। आबंटितीयों में से श्री विमल कोहली आ. स्व. गुरदयाल कोहली की मृत्यु दिनांक 05.02.2022 को हो जाने के उपरांत उक्त भूखण्ड क्रमांक- 176 साईज 40'×50'=2000 वर्गफुट, परिवहन नगर कोरबा को शेष आबंटिती एवं उनके विधिक वारिसान क्रमश: - 1/ श्री विनोद कोहली (शेष आबंटिती), 2/ श्री विनय कोहली (शेष आबंटिती) दोनों पिता- स्व. गुरदयाल कोहली एवं 3/ कृति कोहली उम्र- 14 वर्ष आ. स. विमल कोहली (नाबालिक पुत्री) द्वारा वैध संरक्षक श्री विवेक कोहली आ. स. गुरदयाल कोहली के संयुक्त नाम पर नामांतरण (फौती दर्ज) करने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न कर इस कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है।

अत: एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि परिवहन नगर कोरबा में स्थित भूखण्ड क्रमांक 176 साईज 40'×50'=2000 वर्गफुट को 1/ श्री विनोद कोहली (शेष आबंटिती), 2/ श्री विनय कोहली (शेष आबंटिती) दोनों पिता- स्व. गुरदयाल कोहली एवं 3/ कृति कोहली उम्र- 14 वर्ष आ. स. विमल कोहली (नाबालिक पुत्री) द्वारा वैध संरक्षक श्री विवेक कोहली आ. स. गुरदयाल कोहली के संयुक्त नाम पर दर्ज कराये जाने के संबंध में किसी संस्था/ व्यक्ति/ निकाय को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय प्रमाण सहित इस विज्ञापन प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के भीतर आयुक्त नगर पालिक निगम साकेत भवन आई.टी.आई. रामपुर कोरबा में कार्यालयीन समय एवं दिवस में उपस्थित होकर अथवा अपने प्रतिनिधि के माध्यम से दे सकते हैं। अवधि समाप्त होने के पश्चात् होने वाली आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। उक्त भूखण्ड को 1/ श्री विनोद कोहली (शेष आबंटिती), 2/ श्री विनय कोहली (शेष आबंटिती) दोनों पिता- स्व. गुरदयाल कोहली एवं 3/ कृति कोहली उम्र- 14 वर्ष आ. स. विमल कोहली (नाबालिक पुत्री)द्वारा वैध संरक्षक श्री विवेक कोहली आ. स.गुरदयाल कोहली के संयुक्त नाम पर दर्ज करने की कार्यवाही की जावेगी।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
कोरबा (छत्तीसगढ़)

ICICI Home Finance

कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड, आईसीआईसीआई एक्सफेसी टावर, अंधेरी - कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुंबई-400059, भारत
शाखा कार्यालय : प्रथम तल, इंदिरा टावर, ए-26, जोन-II, मेन रोड, व्यापार विहार, बिलासपुर (सी.जी.) 495001
शाखा कार्यालय : स्काई पार्क, भू तल, यूनिट नंबर 1, निकट कनाल रोड, रायपुर - 492 001

सेनियम 8 (6) का परंतुक देखें,
अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका सांकेतिक कब्जा आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, "जैसी है जहां है", जैसी है जो भी है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी ;

क्र. सं.	कर्जदार (रों)/सह-कर्जदारों /गारंटरों /कानूनी वारिसों का नाम ऋण खाता संख्या	प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई	बकाया राशि	सुरक्षित मूल्य / धरोहर राशि जमा	सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय	नीलामी की तिथि एवं समय
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)
1.	अरूण कुमार अग्रवाल (कर्जदार), एकता अग्रवाल (सह-कर्जदार), ऋण खाता संख्या एलएचबीएसआर00001298983 एवं एलएचबीएसआर00001298894	30 मौजा पाली पीएच नंबर 25, खसरा नंबर 190/5, आरएनएम पाली मकान नंबर 30, 5 बाजार बौक, नगरपंचायत पाली खसरा नंबर 190/5, बिलासपुर -495001	रू. 36,91,100/- 30-10-2023	रू. 59,61,690/- / रू. 5,96,170/-	04-12-2023 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 03.00 बजे तक	19-12-2023 को अप. 2.00 बजे से अप. 3.00 बजे तक
2.	मनोज कुमार भारद्वाज (कर्जदार), शशिकला भारद्वाज (सह-कर्जदार), ऋण खाता संख्या एलएचबीएसआर00001303531 एलएचबीएसआर00001302778	मौजा धुर्वाकारी मस्तूरी पीएचएन 43 आरएनएम मस्तूरी वार्ड नंबर 15, ग्राम धुर्वा